



## संक्षिप्त समाचार

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को जयंती पर याद किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद का मंत्र और समाज सेवा जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी। उनका सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा के लिये समर्पित रहा है। वे वास्तव में वैचारिक निष्ठा एवं व्यावहारिक कर्मशीलता के अप्रतिम उदाहरण थे। पं. दीनदयाल जी एक महान चिंतक, विचारक और दार्शनिक होने के साथ ही एक योग्य राजनेता और कुशल पथ प्रदर्शक भी थे।

### परीक्षा संपन्न कराने को सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई

**संवाददाता** देहरादून। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/नोडल अधिकारी परीक्षा के.के.मिश्रा ने अवगत कराया है कि 26 सितम्बर को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य जनपद में 36 परीक्षा केन्द्रों पर सचिवालय सुरक्षा संवर्ग के अन्तर्गत रक्षक के रिक्त पदों पर आयोजित होने वाली परीक्षा को शान्ति पूर्वक कराये जाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उन्होने तैनात किये गये सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को परीक्षा के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश देने के साथ ही परीक्षा के दौरान यदि किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो तत्काल इसकी सूचना उनको एवं जिला अधिकारी को दिए जाने के निर्देश दिए।

### सांस लेने की तकलीफ, दिल के दौरे का है महत्वपूर्ण संकेत

**संवाददाता** देहरादून। सांस लेने में तकलीफ होना हार्ट अटैक के मरीज का सबसे महत्वपूर्ण लक्षण है। चार में से एक मरीज में श्वास लेने में परेशानी, थकावट, और पेट दर्द जैसे लक्षण मिले हैं। ''छाती में दर्द या असुविधा पुरुषों और महिलाओं दोनों में सबसे आम लक्षण है। यह असहज दबाव, निचोड़, पूर्णता, या दर्द महसूस कर सकता है जो कुछ मिनट से अधिक रहता है।

### अमेजन ने की ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2021 की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन डॉट इन का फेस्टिव इवेंट द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2021 इस बार 4 अक्टूबर 2021 से शुरू होगा लघु मध्यम उद्यमों को समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए अमेजन जीआईएफ 2021 लाखों छोटे विक्रेताओं को समर्पित है जिसमें 450 शहरों की 75,000 से अधिक लोकल दुकानें शामिल हैं जो देशभर के ग्राहकों को अपने उत्पादों के अद्वितीय चयन की पेशकश करती हैं।

# एनआइटी उत्तराखंड का दूसरा वर्चुअल दीक्षा समारोह हुआ संपन्न

**दीक्षा समारोह**

■ बीटेक के 434 और एमटेक के 138 छात्र–छात्राओं ने वर्चुअल मोड पर ही उपाधि की प्राप्त

**संवाददाता**

देहरादून/श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी) उत्तराखंड का दूसरा वर्चुअल दीक्षा समारोह शनिवार को आयोजित हुआ। इसमें बीटेक के 434 और एमटेक के 138 छात्र–छात्राओं ने वर्चुअल मोड पर ही उपाधि प्राप्त की। मुख्य अतिथि और रक्षा क्षेत्र के प्रख्यात वैज्ञानिक जवाहरलाल नेहरू विवि दिल्ली के कुलाधिपति डा. विजय कुमार सारस्वत ने वर्ष 2020 का डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल मानसी कैंतुरा को और 2019 का डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल सुधांशु भंडारी को वर्चुअल ही प्रदान किया। वहीं एनआइटी के 27 मेधावियों को स्वर्ण पदक दिया गया।




एनआइटी के बोर्ड आफ गवर्नर्स के चेयरमैन और देश के प्रसिद्ध टेक्नोक्रेट डा. रविंद्र कुमार त्यागी ने बीटेक और एमटेक के 25 मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किए। संबंधित विभागाध्यक्षों ने अन्य छात्र–छात्राओं को उपाधियां प्रदान की।

मुख्य अतिथि डा. विजय कुमार सारस्वत ने सर्विस टू सोसाइटी को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने को लेकर अनुशासन, ईमानदारी और लगन के साथ कठोर परिश्रम अमूल्य पूंजी होती है। डा. विक्रम साराभाई, डा. सतीश चंद्र, डा. अब्दुल कलाम और डीआरडीओ के वैज्ञानिकों की ओर से विज्ञान और टेक्नोलाजी के क्षेत्र में और डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने शिक्षा और देश व समाज हित में किए गए कार्यों को अभूतपूर्व बताया।

एनआइटी के बोर्ड आफ गवर्नर्स के चेयरमैन डा. आरके त्यागी ने कहा कि सुमाड़ी में स्थायी परिसर निर्माण को 600 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं।

निदेशक डा. सतीश कुमार ने संस्थान में पिछले तीन वर्षों में चार करोड़ की लागत से सृजित अनुसंधान सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रों को बेहतर प्लेसमेंट 37 लाख तक के पैकेज भी मिल रहे हैं। एनआइटी के कुलसचिव डा. प्रभाकरमणि काला ने संस्थान की ओर से अतिथियों का आभार जताया।

**इन्हें मिला गोल्ड मेडलः** 2016 एमटेक के अंकित चंदा, रामकृष्ण कोपान्नति, गोवरा मुरली कृष्ण, देबू श्रीकांत, अंजली झा को, 2017 बैच के विकास सुंद्रियाल, रेशू वर्मा, कीर्ति गुप्ता, परब गजनन अर्जुन, शिवानी चौहान, 2018 बैच के संदीप, कंचन बिष्ट, सुनील कुमार मौर्य, भावी अरोड़ा, अभिषेक श्रीवास्तव और बीटेक 2015 बैच के सुधांशु भंडारी, राधामोहन द्विवेदी, दिनेश सिंह गुर्जर, संयुक्ता गांगुली, अजय सिंह कनवाल, 2016 बैच के अखिलेश सिंह, बरखा माहेश्वरी, मानसी कैंतुरा, दिव्या सिंह, कीर्तिका शर्मा को गोल्ड मेडल मिला।

### डीएम ने मेगा स्वरोजगार प्रोत्साहन शिविर की तैयारियों को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश वासियों को स्वरोजगार से जोडते हुए आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्वरोजगार शिविर आयोजित कर राज्यवासियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद देहरादून में 28 सितम्बर को पूर्वान्ह 11:00 से महिला आईटीआई प्रागंण में एक स्वरोजगार शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ ही मंत्री एवं विधायकों का प्रतिभाग किया जाना प्रस्तावित है।

डीएम डॉ. आर राजेश कुमार ने जनपद के महिला आइटीआई प्रांगण में मेगा स्वरोजगार प्रोत्साहन शिविर की तैयारियों के सम्बन्ध में शिविर के नोडल अधिकारियों एवं सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों स्टॉल लगाने तथा भारतीय स्टेट बैंक, पजांब नैशनल बैंक, उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, को–आपरेटिव बैंक प्रतिभाग करेंगे जो कि अपने यहॉ संचालित योजनाओं एवं स्वरोजगार हेतु ऋण आदि के सम्बन्ध में पात्र व्यक्तियों को जानकारी देते हुए लाभान्वित करेंगें।

# 80–90 करोड़ की खरीद के विभाग के पास नहीं है ई–वे बिल

**आरोप**

■ राजभवन के निर्देश पर कर्मकार कल्याण बोर्ड महाघोटाले की होगी जांचः मोर्चा

**संवाददाता**

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि श्रम मंत्री हरक सिंह रावत, कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव दमयंती रावत एवं इस लूट में शामिल भ्रष्ट अधिकारियों की 'जुगलबंदी/गिरोहबंदी ने श्रमिकों के नाम पर 80–90 करोड़ रुपए की निम्नतम गुणवत्ता के सामान की खरीद की थी,' जिसके ई–वे बिल व किस वाहन से सामान पहुंचा, उसके कोई दस्तावेज विभाग के पास नहीं हैं। अन्य और भी कई घोटालों को लेकर मोर्चा द्वारा सबसे पहले इस जुगलबंदी एवं महाघोटाले का पर्दाफाश किया गया था। इसके अतिरिक्त करोड़ों रुपए की बंदरबांट का भी मामला था।



मोर्चा ने गत माह राज्यपाल को पत्र प्रेषित कर करोड़ों रुपए की खरीद एवं उसके वितरण एवं अन्य घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए राजभवन ने सचिव, श्रम को कार्रवाई के निर्देश दिए'।

नेगी ने कहा कि श्रमिकों को विभाग द्वारा घटिया किस्म की साइकिलें, सोलर लालटेन, टूल किट्स, वेल्डिंग मशीन, सिलाई मशीन, छाते, खाद्यान्न किट्स आदि बांटे गए, जिसकी गुणवत्ता इतनी खराब थी कि श्रमिकों ने ओने–पौने दामों में बाजार में कबाड़ के भाव उक्त सामान को नीलाम कर दिया था। इसके अतिरिक्त कर्मकार बोर्ड द्वारा न जाने कितने ही घोटालों को अंजाम दिया गया, जोकि सीधे–सीधे श्रमिकों के हक पर डाका है।

मोर्चा ने उम्मीद जताई कि इस लूट में शामिल गिरोहबंदी का पर्दाफाश होगा। पत्रकार वार्ता में अमित जैन व सुशील भारद्वाज उपस्थित रहे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर मेगा फिट इंडिया रन का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर जनपद के सोडा सिरोली विकासखण्ड रायपुर में मेगा फिट इंडिया रन का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र एम0 टोलिया ने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर युवाओं को पंडित जी के विचारों, मूल्यों और आदर्शों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर आजादी का महोत्सव के तहत मेगा फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मदन सिंह रावत, सुपुत्र श्याम सिंह रावत, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रवेश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता/ग्रम प्रधान सोडा सरोली द्वारा युवाओं को संबोधन किया गया। कार्यक्रम में शामिल युवाओं द्वारा 8 किलोमीटर दौड़, वरिष्ठ जनों एवं महिलाओं के द्वारा पदयात्रा में भाग लिया गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।